Regarding railway related issues of Kairana Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid

सुश्री इकरा चौधरी (कैराना) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना की रेल मंत्रालय से संबंधित कतिपय मांगे अभी तक लंबित हैं । जनहित से जुड़ी समस्त मांगे बेहद आवश्यक है ।

1. पानीपत शामली मेरठ नई रेल लाईन की डीपीआर प्रगति बेहद धीमी है । डीपीआर शीघ्र कराने का अनुरोध है ।

2. दिल्ली-शामली-सहारनपुर रूट के दोहरीकरण का प्रस्ताव रेल बजट 2019 में पास हो चुका है । कार्य आरम्भ होना अति आवश्यक है । मार्ग बेहद पुराना है ।

3. दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेल मार्ग पर नगर पंचायत रामपुर मनिहारान मे दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन ROB का कार्य बहुत लंबे समय से लंबी थे जिसे तत्काल पूरा कराया जाना अति आवश्यक है ।

4. ट्रेन संख्या 14545/14546 का ठहराव नगर पंचायत मुख्यालय थाना भवन पर होना अति आवश्यक है ।

5. ट्रेन संख्या 64093/64092 पुरानी दिल्ली कासमपुर खेड़ी का अंतिम ठहराव कासिमपुर खेड़ी के स्थान पर शामली किया जाना अति आवश्यक है ।

6. ट्रेन संख्या 14305/14306 जो कोविड से पहले गुजरान बलवा जनपद शामली उठती थी अब नहीं रुकती है । इसे पूर्व की भांति गुजरान बलवा पर हाल्ट दिया जाना अति आवश्यक है ।

7. ट्रेन संख्या 54057/54058 दिल्ली-शामली के बीच चलती है । यदि इसका अंतिम ठहराव सहारनपुर कर दिया जाए तो थाना भवन ,जलालाबाद, नानौता, रायपुर, मनिहारान के निवासियों को इसका लाभ होगा । उपरोक्त ट्रेन का अतिंम ठहराव सहारनपुर किया जाए ।

शामली से माता वैष्णो देवी तथा प्रयागराज के लिए सीधी रेल सेवा आरम्भ होना अति आवश्यक है ।